## भाग – 1

## सामान्य हिन्दी

**(Max. Marks : 100)**

1. (*i*) संयुक्त व्यंजन 'क्ष' किन ध्वनियों से निर्मित है ? विच्छेद कीजिए । [1×4]
   (*ii*) दन्तोष्ठ्य ध्वनि कौन-सी है ? लिखिए ।
   (*iii*) मुख और नासिका दोनों के सम्मिलित योग से उच्चरित ध्वनियों को क्या कहा जाता है ?
   (*iv*) हिंदी का एक घोष वर्ण लिखिए ।

2. (*i*) निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंश में कौन-सा कारक है ? नाम लिखिए । [1×4]
   <u>हिमालय से</u> गंगा निकलती है ।
   (*ii*) 'मेरे घर में कुछ नहीं है ।' – इस वाक्य में प्रयुक्त 'कुछ' सर्वनाम का कौन-सा भेद (प्रकार) है ?
   (*iii*) निम्नलिखित वाक्यों में से अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण वाक्य छांट कर लिखिए ।
   (अ) राम बाजार से चार किलो आटा लाया ।
   (ब) सभागार में बहुत आदमी थे ।
   (*iv*) संज्ञा शब्द 'उपन्यास' का विशेषण शब्द बनाकर लिखिए ।

3. (*i*) 'अक्कड़' प्रत्यय जोड़कर, कोई एक कृदन्त शब्द लिखिए । [1×4]
   (*ii*) तद्धितांत शब्द 'मतांतर' में से प्रत्यय छांट कर लिखिए ।
   (*iii*) 'अन्वेषण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए ।
   (*iv*) 'अध्यक्ष' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है ? लिखिए ।

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए । [2]
   (*i*) लिप्सा
   (*ii*) प्रयाण
   (*iii*) निरुपम
   (*iv*) निरामिष ।

   (ख) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक विलोम शब्द लिखिए । [2]
   (*i*) अवनति
   (*ii*) तामसिक
   (*iii*) समष्टि
   (*iv*) विकीर्ण ।

5. (क) निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए । [2]

(i) ढीठ
(ii) चाँदनी
(iii) दूल्हा
(iv) आज ।

(ख) निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए । [2]

(i) क्वाथ
(ii) निर्वहण
(iii) महापात्र
(iv) शृंगार ।

6. (क) निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कीजिए । [2]

(i) यथा सामर्थ्य
(ii) नर श्रेष्ठ ।

(ख) निम्नलिखित सामासिक पदों में समास के नाम लिखिए । [2]

(i) रस सिक्त
(ii) कर्तव्याकर्तव्य ।

7. (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए ।

(i) उच्छ्वास
(ii) पयोधि ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में कौन-सी संधि है ? नाम लिखिए । [2]

(i) वागंत
(ii) शिरोधार्य ।

8. (क) हिंदी में प्रयुक्त निम्नलिखित उपसर्गों से एक-एक शब्द की रचना कीजिए । [2]

(i) औ
(ii) हर
(iii) क
(iv) भर ।

(ख) निम्नलिखित समोच्चारित शब्दों के अर्थ भेद लिखिए । [2]

(i) कुल-कूल
(ii) निर्जर-निर्झर ।

9. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक सार्थक शब्द लिखिए । [1×4]

(*i*) जिंदा रहने की इच्छा

(*ii*) मरने की इच्छा

(*iii*) जो सव्य (बाएँ) हाथ से भी काम कर लेता हो

(*iv*) अनेक भाषाओं को जानने वाला ।

10. (क) निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए । [2]

(*i*) यावत् जीवन

(*ii*) कनिष्ट

(*iii*) कुमुदनी

(*iv*) स्वातंत्रोत्तर ।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए । [2]

(*i*) बहुत से भारत के वैज्ञानिक विदेश गए हैं ।

(*ii*) भोजन बहुत सुन्दर बना है ।

11. निम्नलिखित मुहावरों / कहावतों के अर्थ लिखिए । [1×4]

(*i*) ख्याली पुलाव पकाना

(*ii*) बिल्ली के गले में घंटी बाँधना

(*iii*) कहीं की ईंट, कहीं का रोढ़ा; भानमति ने कुनबा जोड़ा

(*iv*) जहाँ देखे तवा परात, वहाँ गुजारे सारी रात ।

12. (क) निम्नलिखित पत्र-पत्रिकाओं के संपादक एवं प्रकाशन का स्थान लिखिए ।

(*i*) प्रजा हितैषी

(*ii*) कर्मवीर

(*iii*) अभ्युदय

(*iv*) हिंदी नवजीवन ।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [1×4]

(*i*) नारायण लाल परमार के किसी एक काव्यसंग्रह का नाम लिखिए ।

(*ii*) डॉ. बलदाऊराम साहू के किसी एक बालगीत संग्रह का नाम लिखिए ।

(*iii*) 'गीतों का शिलालेख' किस कवि की रचना है ?

(*iv*) 'हवाओं में विद्रोह' किस नाटककार की रचना है ?

13. (क) भक्तिकाल के नामकरण पर लगभग 100 शब्दों में सार्थक टिप्पणी लिखिए । [4]

(ख) हिंदी भाषा के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [4]

14. "साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी है । इसकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर और बेखौफ होती है । साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं । जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उससे मिलता है । अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीवों का काम है । क्रान्ति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न ही अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं । कहा भी गया है कि शेर, शूर, शायर और सपूत किसी के द्वारा बनाई गई लीक पर नहीं चलते; वे अपना पथ खुद ढूंढ निकालते हैं । 'पौरुष अपना पंथ स्वयं गढ़ता है' – यह बात हिम्मतवालों के लिए ही तो कही गई है । अरे, आप में हिम्मत ही नहीं है तो जिंदगी किस काम की ? पराजित जिंदगी भी कोई जिंदगी होती है ? इस लिए, हिम्मत करो, अपना मार्ग खुद बनाओ और जिंदगी को सफल करो ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [2]

(ख) गद्यांश का सारांश एक तिहाई में लिखिए । [6]

15. प्रस्तुत अपठित गद्यांश के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

यह कहना एक भूल है कि इच्छा, असंतोष, लोभ आदि के कारण मनुष्य आगे बढ़ने को प्रेरित होता हैं तथा समृद्धि प्राप्त करता है । वास्तव में इच्छा, असंतोष, लोभ आदि के कारण समाज में शोषण, कुटिलता, अत्याचार, भोगवृत्ति एवं अशान्ति को प्रोत्साहन मिला है । लोभ के कारण एक मिल खोलकर शोषण की चक्की चलाई जाती है । हमें इच्छाओं का दमन नहीं करना है, बल्कि उनका उदात्तीकरण करना है, शमन करना है, उन्हें स्वस्थ दिशा देनी है । सद् पुरुष कर्तव्य भावना से प्रेरित होते हैं, आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं एवं निस्वार्थ तथा इच्छा मुक्त होकर भी धीरे-धीरे साहसपूर्वक कर्म करते हुए उन्नति को स्वत: प्राप्त करते हैं । आदर्शों की कीमत पर, आदर्शों को छोड़कर उन्नत पद प्राप्त करना सत्पुरुषों को शोभा नहीं देता । सत्पुरुष उज्ज्वल भविष्य के लिए योजना बनाकर प्रयत्न करते हुए महान आदर्शों को आँखों से ओझल नहीं होने देते । यदि साधक पदोन्नति, धन अथवा सत्ता प्राप्त करता है तो व्यक्तिगत इच्छा की तृप्ति के लिए नहीं प्रत्युत परोपकार के लिए, मानव मात्र की सेवा के लिए, ईश्वर की प्रसन्नता के लिए । यही है इच्छाओं का उदात्तीकरण । साधक का कर्तव्य है कि अपने और समाज के भले के लिए व्यक्तिगत इच्छाओं से उपर उठ जाए ।

(क) क्या मनुष्य आगे बढ़ने के लिए इच्छा और लोभादि के कारण प्रेरित होता है ? [1]

(ख) आदर्शों की रक्षा के लिए सत्पुरुष का क्या रुख होना चाहिए ? [1]

(ग) 'इच्छाओं का उदात्तीकरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । [1]

(घ) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या लगभग 100 शब्दों में कीजिए । [5]

[4]

[4]

16. (क) अनुस्मारक को स्पष्ट करते हुए उसका प्रारूप भी लिखिए ।

(ख) प्रपत्र से क्या आशय है ? प्रपत्र का एक नमूना भी प्रस्तुत कीजिए ।

**नोट :** अभ्यर्थियों को अनुस्मारक व प्रपत्र लेखन में अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता, आदि लिखना वर्जित है । (नाम के स्थान पर अ, ब, स (A, B, C) एवं शहर के स्थान पर क, ख, ग (X, Y, Z) लिखें ।)

[4]

17. (क) विज्ञापन से क्या अभिप्राय है ? विज्ञापन एवं ज्ञापन में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'शासकीय' पत्र से क्या आशय है ? इसकी रचना शैली स्पष्ट करते हुये एक नमूना भी प्रस्तुत कीजिए । [4]

**नोट :** अभ्यर्थियों को 'शासकीय' पत्र लेखन में अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता आदि लिखना वर्जित है । (नाम के स्थान पर अ, ब, स (A, B, C) एवं शहर के स्थान पर क, ख, ग (X, Y, Z) लिखें ।)

18. (क) निम्नलिखित हिंदी शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए । [1×4]

(*i*) राजपत्रित

(*ii*) मानदेय

(*iii*) कोषाधिकारी

(*iv*) संकल्प ।

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए । [1×4]

(*i*) The headquarter of Korba district is situated about 200 km from the capital city Raipur.

(*ii*) There is no room in the Car.

(*iii*) 'Pandwani' Chhattisgarh's solo drama, which is also known by the people of other Countries.

(*iv*) I have gone through the case carefully.

## PART – 2
## GENERAL ENGLISH
### (Max. Marks : 50)

1. Do as directed :

(*i*) Rewrite the following sentences after making necessary corrections. [3]

(*a*) He used to visit us every week, but he is rarely coming now.

(*b*) He has gone to Chennai last week.

(*c*) The film is starting at 6.00 and finishing at 8.00.

(*ii*) Change the following into the Passive Voice : [2]

(*a*) You must look into this matter.

(*b*) The principal permitted the students to go and watch the cricket match on television.

(*iii*) Change the following into the Active Voice : [1]

Four million American slaves were emancipated by Lincoln.

(*iv*) Fill in the blanks using suitable conjunctions : [2]

(*a*) _______ mother and father are at home.

(*b*) The day is pleasant, _______ rather cold.

2. (*i*) Use correct prepositions in the blanks given below : [3]

(*a*) He turned _______ the proposal without thinking.

(*b*) There are tall, beautiful coconut trees ________ the river.

(*c*) The shopkeeper does not have the toys I was looking _______.

(*ii*) Fill in the blanks using suitable adverbs : [2]

(*a*) The doctor examined the patient _________.

(*b*) I searched _______ for my book.

(*iii*) Fill in the blank using the correct relative pronoun [1]

This is the best ______ we can do.

3. (*i*) Complete the following sentences using appropriate forms of verbs given in the brackets : [3]

(*a*) She ______ to a great radio show on her way to work (listen).

(*b*) The train _______ (leave) the station before I _______ (reach).

(*c*) I _______ the tense forms for several weeks now (teach).

(*ii*) Insert a suitable modal auxiliary : [2]

(*a*) Usha ________ run a hundred yards in 12 seconds (ability in the past).

(*b*) You ________ have been more careful (past obligation not fulfilled).

(*iii*) Fill in the blank changing the verb given in the bracket into the noun form : [1]

The university will soon publish a _______ (clarify).

4. (*i*) Rearrange the jumbled up words/phrases to frame meaningful sentences : [3]

(*a*) although more than 900 books / Einstein said / his theory of relativity / had been written / who understood / that there were only twelve people / attempting to explain it.

(*b*) priceless / place / a / is / museum / where / old, / a / very / beautiful / and / are kept for / things / public show.

(*c*) into the / occurred recently / police / numerous fires / the / are looking / that have.

(*ii*) Give one word for each of the following : [3]

(*a*) A period of one thousand years.

(*b*) Something that is unclear, confusing or not certain especially because it can be understood in more than one way.

(*c*) Something that people think will make everything better and solve all their problems.

5. (*i*) Write synonyms of the following words : [2]

(*a*) Obstinate.

(*b*) Luxurious.

(*ii*) Write antonyms of the following words : [2]

(*a*) Fragrant.

(*b*) Cautious.

(*iii*) Correct the spellings of the following words : [2]

(*a*) Hareirchy.

(*b*) Comison.

6. (*i*) Use the following idioms in your own sentences to make their meaning clear : [2]

(*a*) Through thick and thin.

(*b*) To keep the pot boiling.

(*ii*) Frame meaningful sentences with these phrasal verbs : [2]

(*a*) Idle away.

(*b*) Single out.

(*iii*) Write down the collective nouns to describe the following : [2]

(*a*) A group of animals of one kind that live and feed together.

(*b*) A group of ships in a navy.

7. Read the passage given below and answer in your own words the questions that follow : [6]

Today's woman is a highly self-directed person, alive to the sense of her dignity and the importance of her functions in the private domestic domain and the public domain of the World of work. Women are rational in approach, careful in handling situations and do things as best as possible. The Constitution of India had conferred on women equal rights and opportunities-political, social, educational and of employment with men because of oppressive traditions, superstitions, exploitation and corruption. The majority of women are still not allowed to enjoy the rights and opportunities bestowed on them. One of the major reasons for this State of affairs is the lack of literacy and awareness among women. Education is the main instrument through which we can narrow down the prevailing inequality and accelerate the process of economic and political change in the status of woman.

The role of women in a society is very important. Society will progress only if the status of women is respected and the presence of an educated woman would ensure education of the family itself. Education and empowerment of women are closely related.

(*a*) What kind of a person is a woman in today's world ?

(*b*) What are the provisions given to women in our Constitution ?

(*c*) What role does education play in improving the status of women ?

(*d*) How is education and empowerment of women closely related ?

(*e*) How can our society really progress ?

(*f*) Give a suitable title to the passage.

8. Write a precis of the following passage in one-third of its original length and suggest a suitable title to it. [6]

When we survey our lives and efforts we soon observe that almost the whole of our actions and desires are bound up with the existence of other human beings. We notice that whole nature resembles that of the social animals. We eat food that others have produced, wear clothes that others have made, live in houses that others have built. The greater part of our knowledge and beliefs has been passed on to us by other people through the medium of language which others have created. Without language and mental capacities, we would have been poor indeed comparable to higher animals.

We have therefore to admit that we owe our principal knowledge over the least to the fact of living in human society. The individual if left alone from birth would remain primitive and beast like in his thoughts and feelings to a degree that we can hardly imagine. The individual is what he is and has the significance that he has, not much in virtue of the individuality, but rather as a number of a great human community which directs his material and spiritual existence from the cradle to the grave.

## भाग – 3

## छत्तीसगढ़ी भाषा

**(Max. Marks : 50)**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(अ) निम्नलिखित हिन्दी शब्दों / अभिव्यक्तियों के छत्तीसगढ़ी समानार्थी शब्द लिखिए । [5]

(*i*) मेंढ़क

(*ii*) चटाई

(*iii*) पत्नी का बड़ा भाई

(*iv*) साल्

(*v*) औरत् ।

(आ) छत्तीसगढ़ी शब्दों / अभिव्यक्तियों के लिए हिन्दी समानार्थी शब्द लिखिए । [5]

(*i*) चोंच्कारी

(*ii*) बरदी

(*iii*) डंडा पचरंगा

(*iv*) कोलकी

(*v*) दरचुरा ।

(इ) (*i*) छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित वृहत छत्तीसगढ़ी शब्दकोष एवं बिज्ञासा कला मंच द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ी हिंदी शब्दकोष के संपादक/संकलनकर्ता के नाम लिखिए । [2]

(*ii*) ''छत्तीसगढ़ी भाषा का उद्‌विकास'' के रचनाकार का नाम लिखिए ।

**2.** (अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के स्त्रीलिंग/पुल्लिंग बनाइए । [2]

(*i*) फिरंता

(*ii*) कोढ़निन

(आ) (*I*) छत्तीसगढ़ी भाषा में कितने वचन प्रयुक्त होते हैं ? [2]

(*i*) एक

(*ii*) दो

(*iii*) तीन

(*II*) 'संगी' शब्द में कौन-सा लिंग प्रयुक्त हुआ है ?

(इ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्द में कौन-सा समास-प्रयोगित है ? [2]

(*i*) सुवापाँख

(*ii*) छत्तीसगढ़ी के दो बहुवचनात्मक प्रत्ययों के नाम लिखिए ।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [10]

(अ) छत्तीसगढ़ी अनुवाद कीजिए ।
तालाब में स्नान करने का अलग ही आनंद है ।

(आ) ''ओमन लिखत रहिन''
वाक्य में काल एवं वचन की पहचान कीजिए ।

(इ) आशय लिखिए ।
आज के बासी, काल के भात,
अपन घर म का के लाज ।

(ई) व्याकरणिक दृष्टि से 'सेती' शब्द का प्रयोग किस रूप में होता है ? वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(उ) सुमेलित कीजिए ।

(*i*) नानकुन टूरी कूद-कूद के पार बांधे - हथेली

(*ii*) रात म गरु दिन म हरु - जीभ

(*iii*) उप्पर पचरी, तरी पचरी,
बीच म मोंगरी मछरी } सुई

(*iv*) पांच भाई के एके अँगना - खटिया

4. निम्नलिखित हिन्दी वाक्यों को छत्तीसगढ़ी में लिखिए । [8]

(*i*) मजदूरों के हित के लिए क्या-क्या योजना है ?

(*ii*) चावल पक रहा है ।

(*iii*) बैठक में कार्यवृत्त का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है ।

(*iv*) इसके भी अच्छे दिन आयेंगे, क्योंकि सब दिन एक समान नहीं होते ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [5]

(*i*) झेंझरी के लेखक कौन हैं ?

(*ii*) लोकव्यवहार और कार्यालयीन छत्तीसगढ़ी के लेखक कौन हैं ?

(*iii*) छत्तीसगढ़ी बोली का व्याकरण किसकी रचना है ?

(*iv*) मयारु माटी पत्रिका के संपादक का नाम क्या है ?

(*v*) छत्तीसगढ़ी गीतों का राजा किस गीत को माना गया है ?

6. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [5]

(*i*) छत्तीसगढ़ की प्राचीन प्रेमगाथाओं में किसी एक का नाम लिखिए ।

(*ii*) छत्तीसगढ़ के किस कवि के नाम से छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है ?

(*iii*) 'खुसरा चिरई के बिहाव' किसकी रचना है ?

(*iv*) ओस चॉटे ले पियास नई बुझावे । (हिन्दी रूपान्तरण लिखें)

(*v*) हम सभी आदमी आए थे । (छत्तीसगढ़ी अनुवाद करें)

7. छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास में समाचार पत्र-पत्रिकाओं की क्या भूमिका है ? [2]

8. राजकाज की भाषा और छत्तीसगढ़ी भाषा विषय पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए । [2]

---